# छात्राओं में आत्मविश्वास व निर्णय की क्षमता बढ़ाते हैं कार्यक्रम : प्रो. सुदेश

## जेंडर चैंपियनशिप के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

गोहाना। गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग ने अर्थशास्त्र, इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के सहयोग से जेंडर चैंपियनशिप के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसका विषय घर के अंदर या बाहर निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी रहा। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं के आत्मविश्वास एवं निर्णय क्षमता बढ़ाने में सहायक हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज कार्य विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू पंवार ने की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बाल विवाह, शारीरिक एवं मानसिक हिंसा और संवेगात्मक प्रताड़ना जैसी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

अर्थ शास्त्र विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सुदेश ने कहा कि सिर्फ शिक्षा के माध्यम से ही लड़कियां पढ़-लिखकर स्वयं को सशक्त बना सकती हैं। इस दौरान इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की अध्यक्षा डॉ. अर्चना, डॉ. दीपाली माथुर, डॉ. ज्ञान मेहरा, लूसी व सोहनलाल सहित छात्राएं मौजूद रहीं। संवाद

# महिलाओं को खुद को बनाना होगा मजबूत : डॉ. मंजू पवार

भास्कर न्यूज | गोहाना

बीपीएस महिला विवि के समाज कार्य विभाग की अध्यक्ष डॉ. मंजू पवार ने कहा कि महिलाओं को बाल विवाह, शारीरिक एवं मानसिक हिंसा और संवेगात्मक प्रताड़ना जैसी विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसका सामना करने के लिए हमें खुद को मजबूत बनाना होगा, ताकि कोई भी पुरुष किसी भी महिला के साथ दुर्व्यवहार न कर सके। वे बुधवार को विवि में जेंडर चैंपियनशिप के अंतर्गत घर के अंदर या बाहर निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी विषय पर अंतर विभागीय संचार कार्यक्रम में संबोधित कर रही थी। इस कार्यक्रम का आयोजन समाज कार्य विभाग द्वारा अर्थशास्त्र व इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के सहयोग से किया गया। अंतर विभागीय संचार के दौरान वर्तमान समय में महिलाओं के साथ हो रहे जेंडर डिस्क्रीमिनेशन पर छात्राओं ने अपने विचार साझा किए। छात्राओं ने अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी परिवार के पुरुष सदस्यों पर निर्भरता, खुलकर अपने विचार व्यक्त न कर पाना व समाज के रूढ़िवादी नियमों के चलते निर्णय लेने में बाधाओं पर भी अपने विचार रखे। इस दौरान अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सुदेश ने कहा कि सिर्फ शिक्षा के माध्यम से ही लड़कियां पढ़-लिखकर स्वयं को सशक्त बना सकती हैं। ज्ञान होगा, तभी खुद के साथ-साथ घर व समाज का भी विकास कर सकेंगे। वहीं महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं के आत्मविश्वास एवं निर्णय क्षमता बढ़ाने में सहायक हैं। इस मौके पर अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. अंजू, इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की अध्यक्ष डॉ. अर्चना, डॉ. दीपाली माथुर, डॉ. ज्ञान मेहरा, लूसी, सोहनलाल आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं की भागीदारी विषय पर अंतर विभागीय संचार का किया आयोजन

गोहाना, 22 जनवरी (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा अर्थशास्त्र व इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के सहयोग से जेंडर चैंपियनशिप के अंतर्गत घर के अंदर या बाहर निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी विषय पर अंतर विभागीय संचार का आयोजन किया गया। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं के आत्मविश्वास एवं निर्णय क्षमता बढ़ाने में सहायक हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाज कार्य विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू पवार ने कहा कि महिलाओं को बाल विवाह, शारीरिक एवं मानसिक हिंसा और संवेगात्मक प्रताड़ना जैसी अनेक समस्याओं का सामना करने के लिए हमें खुद को मजबूत बनाना होगा, अर्थ शास्त्र विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सुदेश ने कहा कि सिर्फ शिक्षा के माध्यम से ही लड़कियां पढ़ लिखकर स्वयं को सशक्त बना सकती है।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
23-Jan-2025
Page: 11
http://www.ajitsamachar.com/20250123/27/11/1_1.cms

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat 23-01-2025 - 23 Jan 2025 - Pag

# समस्याओं का सामना करने को महिलाएं खुद को मजबूत बनाएं

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की अध्यक्ष डॉ. मंजू पवार ने कहा कि महिलाओं को बाल विवाह, शारीरिक एवं मानसिक हिंसा और संवेगात्मक प्रताड़ना जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इनका सामना करने के लिए खुद को इतना मजबूत बनाएं कि कोई भी पुरुष किसी महिला के साथ दुर्व्यवहार न कर सके। डॉ. मंजू पंवार बुधवार को घर के अंदर या बाहर निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी विषय पर आयोजित अंतर विभागीय कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित कर रही थीं। समाज कार्य विभाग द्वारा अर्थशास्त्र, इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया। कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं के आत्मविश्वास एवं निर्णय क्षमता बढ़ाने में सहायक हैं। इस मौके पर अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डा. अंजू, इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की अध्यक्ष डा. अर्चना, डा. दीपाली माथुर, डा. ज्ञान मेहरा, लूसी, सोहनलाल मौजूद रहे।



भिवानी से प्रकाशित
हरियाणा का सर्वप्रथम हिन्दी दैनिक
दैनिक चेतना
चेतना स्थापित 1957
संस्थापक : महान कर्मयोगी स्व. देवव्रत वशिष्ठ
बीडब्ल्यूएन/16/2024-2026
वीरवार 23 जनवरी, 2025
पृष्ठ संख्या : 8

## बीपीएसएमवी : जेंडर चैंपियनशिप के अंतर्गत अंतर विभागीय संचार आयोजित

# छात्राओं ने किए जेंडर डिस्क्रिमिनेशन पर विचार साझा

**खानपुर कलां, चेतना संवाददाता।** भगत फूल सिंह महिला विवि के समाज कार्य विभाग द्वारा अर्थशास्त्र व इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के सहयोग से जेंडर चैंपियनशिप के अंतर्गत अंतर विभागीय संचार का आयोजन किया गया, जिसका विषय घर के अंदर या बाहर निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी रहा।

महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने संदेश में कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं के आत्मविश्वास एवं निर्णय क्षमता बढ़ाने में सहायक हैं

कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में समाज कार्य विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू पवार ने कहा कि महिलाओं को बाल विवाह, शारीरिक एवं मानसिक हिंसा और संवेगात्मक प्रताड़ना जैसी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसका सामना करने के लिए हमें खुद को मजबूत बनाना होगा, ताकि कोई भी पुरुष किसी भी महिला के साथ दुर्व्यवहार न कर सके। अर्थ शास्त्र विभाग से डॉ. सुदेश ने कहा कि सिर्फ शिक्षा के माध्यम से ही लड़कियां पढ़ लिखकर स्वयं को सशक्त बना सकती है।



इस दौरान छात्राओं ने वर्तमान समय में महिलाओं के साथ हो रहे लैंगिक भेदभाव पर अपने विचार साझा किए। छात्राओं ने अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी परिवार के पुरुष सदस्यों पर निर्भरता, खुलकर अपने विचार व्यक्त न कर पाना, समाज के रूढ़िवादी नियमों के चलते निर्णय लेने में बाधाओं पर भी अपने विचार रखे। अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा डॉ. अंजू, इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की अध्यक्षा डॉ. अर्चना, डॉ. दीपाली माथुर, डॉ. ज्ञान मेहरा, लूसी व सोहनलाल सहित समाज कार्य, अर्थशास्त्र व इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की छात्राएं इस दौरान मौजूद रही।

# पढ़-लिख कर ही सशक्त बन सकती हैं लड़कियां : डॉ. सुदेश

गोहाना मुद्रिका न्यूज, 22 जनवरी : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा अर्थशास्त्र व इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के सहयोग से जेंडर चैंपियनशिप के अंतर्गत "घर के अंदर या बाहर निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी" विषय पर बुधवार को अंतर विभागीय संचार का आयोजन किया गया।

अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सुदेश ने कहा कि सिर्फ शिक्षा के माध्यम से ही लड़कियां पढ़ लिखकर स्वयं को सशक्त बना सकती है। उन्होंने कहा कि ज्ञान होगा तभी खुद के साथ-साथ घर व समाज का भी विकास कर सकेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाज कार्य विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू पवार ने कहा कि महिलाओं को बाल विवाह,  शारीरिक एवं मानसिक हिंसा और संवेगात्मक प्रताड़ना जैसी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसका सामना करने के लिए हमें खुद को मजबूत बनाना होगा, ताकि कोई भी पुरुष किसी भी महिला के साथ दुर्व्यवहार न कर सके।

कार्यक्रम में वर्तमान समय में महिलाओं के साथ हो रहे जेंडर डिस्क्रिमिनेशन पर छात्राओं ने अपने विचार साझा किए।

छात्राओं ने अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी परिवार के पुरुष सदस्यों पर निर्भरता, खुलकर अपने विचार व्यक्त न कर पाना, समाज के रूढ़िवादी नियमों के चलते निर्णय लेने में बाधाओं पर भी अपने विचार रखे।

इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा डॉ. अंजू, इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की अध्यक्षा डॉ. अर्चना, डॉ. दीपाली माथुर, डॉ. ज्ञान मेहरा, लूसी व सोहनलाल सहित समाज कार्य, अर्थशास्त्र व इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की छात्राएं उपस्थित रही।

पंजाब केसरी
THU,23 JANUARY 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 4

# पढ़-लिख कर ही सशक्त बन सकती हैं लड़कियां : डॉ. सुदेश



*कार्यक्रम में छात्राओं से विचार सांझा करते हुए वक्ता।* (अरोड़ा)

गोहाना, 22 जनवरी (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा अर्थशास्त्र व इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के सहयोग से जैंडर चैंपियनशिप के अंतर्गत 'घर के अंदर या बाहर निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी' विषय पर अंतर विभागीय संचार का आयोजन किया गया।

अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्रोफैसर डॉ. सुदेश ने कहा कि सिर्फ शिक्षा के माध्यम से ही लड़कियां पढ़-लिखकर स्वयं को सशक्त बना सकती हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञान होगा तभी खुद के साथ-साथ घर व समाज का भी विकास कर सकेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाज कार्य विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू पवार ने कहा कि महिलाओं को बाल विवाह, शारीरिक एवं मानसिक हिंसा और संवेगात्मक प्रताड़ना जैसी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसका सामना करने के लिए हमें खुद को मजबूत बनाना होगा, ताकि कोई भी पुरुष किसी भी महिला के साथ दुर्व्यवहार न कर सके।

कार्यक्रम में वर्तमान समय में महिलाओं के साथ हो रहे जैंडर डिस्क्रिमिनेशन पर छात्राओं ने अपने विचार सांझा किए। छात्राओं ने अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी परिवार के पुरुष सदस्यों पर निर्भरता, खुलकर अपने विचार व्यक्त न कर पाना, समाज के रूढ़िवादी नियमों के चलते निर्णय लेने में बाधाओं पर भी अपने विचार रखे।

इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा डॉ. अंजू, इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की अध्यक्षा डॉ. अर्चना, डॉ. दीपाली माथुर, डॉ. ज्ञान मेहरा, लूसी व सोहनलाल सहित समाज कार्य, अर्थशास्त्र व इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की छात्राएं उपस्थित रहीं।